स्टॉकहोम जूनियर वाटर प्राइज़

हाल ही में कनाडा की एक छात्रा एनाबेले एम. रेसन को हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन (Algae Blooms) के उपचार और रोकथाम के तरीके पर उनके शोध के लिये **वर्ष 2022 का प्रतिष्ठित स्टॉकहोम जूनियर वाटर प्राइज़ प्रदान किया गया।**

- **हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन (HAB)** शैवालों की अनियंत्रित वृद्धि को संदर्भित करता है जिससे जीवों यथा मछली, शीप, समुद्री स्तनधारियों और पक्षियों पर विषाक्त या हानिकारक प्रभाव पैदा होता है।

स्टॉकहोम जूनियर वाटर प्राइज़:

- **परिचय:**
  - स्टॉकहोम जूनियर वाटर एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जहाँ 15 से 20 वर्ष की आयु के छात्र प्रमुख जल चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं।
  - यह वर्ष 1997 से प्रत्येक वर्ष **स्टॉकहोम इंटरनेशनल वाटर इंस्टीट्यूट द्वारा एक अमेरिकी जल प्रौद्योगिकी प्रदाता जाइलम (Xylem)** के साथ आयोजित किया जाता है।
  - यह पुरस्कार **विश्व जल सप्ताह** का लोकप्रिय हिस्सा है।
- **अन्य पुरस्कार:**
  - **उत्कृष्टता का डिप्लोमा:**
    - यह पुरस्कार ब्राज़ील के लौरा नेडेल ड्रेबस और केमिली परेरा डॉस सैंटोस को पीरियड पावर्टी, सैनिटरी पैड की अनुपलब्धता के मुद्दे को संबोधित करने तथा उनके विकास कार्य के लिये दिया गया था।
  - **पीपुल्स च्वाइस अवार्ड:**
    - **पीपुल्स च्वाइस अवार्ड** संयुक्त अरब अमीरात के **मशिाल फराज़** को **एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक** के उपयोग को हतोत्साहित करने और जल सुरक्षा को बढ़ावा देने के वाटर बॉटल प्रोजेक्ट के लिये दिया गया।

स्रोत:डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/stockholm-junior-water-prize